हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 जुलाई 2025

11 नशा खत्म करने के लिए लोगों को आना होगा आगे : भवानी



12 डेयरी पर सीएम फ्लाइंग का छापा, 70 किलो पनीर और 38 किलो...



# एचटेट : आज लेवल-3 पीजीटी व कल लेवल-2 टीजीटी की होगी परीक्षा, 21 केन्द्रों पर 12,513 अभ्यर्थी होंगे शामिल

## अतिरिक्त उपायुक्त को ओवरऑल इंचार्ज किया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा जिला में 30 व 31 जुलाई को आयोजित करवाई जा रही हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को पारदर्शी, नकल रहित व सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए उपायुक्त मनदीप कौर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए है। एचटेट परीक्षा के लिए अतिरिक्त उपायुक्त को ओवरऑल नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हर स्तर पर परीक्षा सुचारू रूप से सम्पन्न हो। जिले में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें तीन शिफ्टों में 12513 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

30 जुलाई को लेवल-3 पीजीटी परीक्षा दोपहर बाद 3 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित करवाई जाएगी। इस परीक्षा में 3778 परीक्षार्थी भाग लेंगे। 31 जुलाई को लेवल-2 टीजीटी परीक्षा सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक होगी, जिसमें 6408 परीक्षार्थी व लेवल-1 पीआरटी परीक्षा दोपहर बाद 3 बजे से 5.30 बजे तक की होगी, जिसमें 2327 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है, जो अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर निगरानी बनाए रखेंगे। इसके अतिरिक्त, फ्लाइंग स्क्वायड टीमों का भी गठन किया गया है जो परीक्षा के दौरान औचक निरीक्षण कर प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखेंगी। इसके साथ ही, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, नगर परिषद, बिजली विभाग और अन्य संबंधित विभागों को भी आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



डीसी मनदीप कौर।

प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के हर कमरे में सीसीटीवी कैमरा से निगरानी रखी जाएगी। बिजली विभाग के अधिकारियों को सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों, जैमर व अन्य तकनीकी उपकरणों के लिए बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

### परीक्षा को लेकर धारा 163 के आदेश किए जारी

जिला में एचटेट परीक्षा के शांतिपूर्ण, नकल रहित सहित कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश मनदीप कौर ने परीक्षा केन्द्रों के बाहर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किये हैं। जिला में 30 और 31 जुलाई को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा जिला के 21 परीक्षा केंद्रों में एचटेट परीक्षा आयोजित होंगी। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के हथियार ले जाने, लाउड स्पीकर के प्रयोग, सभी फोटोस्टेट की दुकानें खोलने पर प्रतिबंध रहेगा। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के परीक्षा केंद्र में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही संपूर्ण जिला में कोचिंग सेंटर खोलने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में वाहन पार्क करने, गैर कानूनी तरीके से एकत्रित होने और अन्य अवांछित गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। आदेशों की अवहेलना करने वाले नागरिक भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अनुसार दंड का भागीदार होगा। उपायुक्त ने परीक्षार्थियों से आह्वान किया है कि वे अपने परीक्षा केंद्रों पर भिवानी बोर्ड द्वारा निर्धारित किए गए समय पर पहुंचे ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

## 40 वाहनों के साथ 120 पुलिसकर्मी शहर में गश्त पर तैनात रहेंगे

# केन्द्रों पर 2 डीएसपी, 4 निरीक्षक सहित 492 पुलिस कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में 30 और 31 जुलाई को आयोजित होने जा रही हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा को सुचारु, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने व्यापक और सख्त सुरक्षा प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृतव में विस्तृत सुरक्षा योजना तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत हर परीक्षा केंद्र पर निगरानी और पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। 17 लोकेशन पर 21 परीक्षा केंद्रों है जिन पर तैनात किए गए बल में लगभग 492 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं। प्रत्येक केंद्र पर औसतन 11 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे।



एसपी सिद्धांत जैन।

ड्यूटी पर तैनात बलों में 2 डीएसपी, 4 निरीक्षक, 20 उप निरीक्षक, 40 सहायक उप निरीक्षक, 46 हेड कांस्टेबल, 124 कांस्टेबल, 136 यातायात पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 40 वाहनों के साथ 120 पुलिसकर्मी शहर में गश्त पर तैनात रहेंगे। पीजीटी परीक्षा 30 जुलाई को शाम 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक, टीजीटी परीक्षा 31 जुलाई को सुबह 10 से 12:30 बजे तक व पीआरटी परीक्षा दोपहर 3 से 5.30 बजे तक होगी।

### सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश

- सभी परीक्षा केंद्रों पर महिला पुलिस सहित पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहेगा।
- परीक्षा केंद्र की 500 मीटर परिधि में हथियारों पर प्रतिबंध लागू रहेगा।
- 200 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट दुकानें बंद रहेंगी।
- कोचिंग सेंटर परीक्षा दिवस पर बंद रखे जाएंगे।
- परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के भीतर वाहन पार्किंग पूर्णतः वर्जित रहेगी।
- ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर आदि) के प्रयोग पर भी रोक लगाई गई है।

### होटल-धर्मशालाओं में चलाया चैकिंग अभियान

स्नैचिंग, चोरी, या डमी कैंडिडेट्स जैसे मामलों की रोकथाम के लिए मोबाइल पेट्रोलिंग टीमों का गठन किया गया है। साइबर सेल और तकनीकी निगरानी इकाई को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी सॉल्वर गैंग या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज के दुरुपयोग को रोका जा सके। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ईयरफोन, ब्लूटूथ डिवाइस, कैमरा, बेल्ट, गहने, पेन, पेंसिल, करेक्टिंग फ्लुइड, रबर आदि वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रत्येक अभ्यर्थी की सख्त चेकिंग के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। स्थानीय होटल, धर्मशालाएं और गेस्ट हाउस आदि में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि बिना वैध पहचान पत्र के किसी को भी ठहरने की अनुमति न दें। परीक्षा केंद्रों के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है, जिससे परीक्षार्थियों को सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जा सके। यातायात पुलिस को परीक्षार्थियों को प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# सिरसाः एचटेट तैयारियां मुकम्मल, 22,568 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**सिरसा।** जिला में 30 व 31 जुलाई को होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के सफल संचालन व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करवाने के लिए पंचायत भवन में परीक्षा संबंधी तैयारियां को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के लिए नियुक्त किए गए ड्यूटी मजिस्ट्रेट-आब्जर्वर व परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए और उनकी शंकाओं का निवारण किया गया। एचटेट परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बैठक में उपस्थित ड्यूटी मजिस्ट्रेट-आब्जर्वर व परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा से संबंधित सभी कार्य पूर्ण करें और कहीं कोई समस्या आए तो तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित करें। परीक्षार्थियों को बिना किसी परेशानी के सफल और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी व कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ एक टीम के रूप में काम करते हुए परीक्षा को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के लिए चार रिजर्व समेत 44 ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वायड भी परीक्षा केंद्रों पर लगातार गश्त करेगी। डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। एचटेट परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने सभी परीक्षार्थियों से आह्वान किया कि वे एडमिट कार्ड के निर्देशों का पालन करें और परीक्षा केंद्र पर समय पर पहुंचे।जिला में 30 व 31 जुलाई को आयोजित होने वाली एचटेट की परीक्षा में कुल 22568 परीक्षार्थी बैठेंगे, जिनमें से 30 जुलाई को लेवल-तीन की परीक्षा 21 परीक्षा केंद्रों पर तीन से साढ़े पांच बजे तक होगी, जिसमें 6360 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी तरह 31 जुलाई को लेवल-दो की परीक्षा 40 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 से साढे बारह बजे तक आयोजित होगी, जिसमें 11703 परीक्षार्थी भाग लेंगे। लेवल-एक की परीक्षा 31 जुलाई को 15 परीक्षा केंद्रों पर सायं कालीन सत्र में तीन से साढ़े पांच बजे होगी, जिसमें 4505 परीक्षार्थी शामिल होंगे।



# नपा कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर सड़कों पर उतरे

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

सरकार की वायदाखिलाफी और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल द्वारा मीटिंग का समय न दिए जाने से नाराज फतेहाबाद नगरपरिषद कर्मचारियों ने मंगलवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शहर में रोष प्रदर्शन किया। नगरपरिषद के कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर रोष जताया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ फतेहाबाद के कार्यकारी प्रधान सत्यवान टांक ने की और संचालन कोषाध्यक्ष वीरू रत्ति ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड, जिला सचिव विजय ढाका, उप प्रधान नरेश राणा, राजा राम चौहान, ओम प्रकाश झलनियां, धीरज घोघलिया, सतपाल परिहार सहित काफी कर्मचारी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। नगरपरिषद कार्यालय में रोष प्रदर्शन करते कर्मचारी।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए रमेश तुषामड ने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। कर्मचारी बातचीत के माध्यम से समस्याओं का समाधान चाहते हैं लेकिन सरकार के मंत्री कर्मचारी यूनियन से बातचीत तक करने को तैयार नहीं है।

# 11.3 किलो की रसोली निकालकर बचाई युवती की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक एवं सिवाच अस्पताल के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच ने एक 21 वर्षीय युवती के पेट से 11 किलो 300 ग्राम की विशाल रसौली को सफलतापूर्वक निकालकर उसकी जान बचाई। यह रसौली पिछले कई वर्षों से बढ़ रही थी और मरीज को सांस लेने, चलने और सामान्य जीवन जीने में भारी कठिनाइयां हो रही थीं। महिला ने पहले कई डॉक्टरों से सलाह ली लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। अंततः उसने सिवाच हॉस्पिटल, फतेहाबाद में डॉ. वीरेंद्र सिवाच पर विश्वास जताया और ऑपरेशन कराने का निर्णय लिया। यह जटिल सर्जरी डॉ. अनुराधा सिवाच, डॉ. मीनाक्षी बंसल और उनकी मेडिकल टीम की सहायता से पूरी तरह सफल रही। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही है। बता दें कि डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच पिछले 34 वर्षों से चिकित्सा सेवा में समर्पित हैं और उन्होंने कई गंभीर और जटिल ऑपरेशन कर असंख्य मरीजों को नया जीवन दिया है। विशेष रूप से गरीब और वंचित वर्ग के लिए उनका यह सेवा भाव प्रेरणादायक है।



**फतेहाबाद।** महिला के पेट से रसौली निकालते डॉ. सिवाच।

## आधा किलो अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए जिला के गांव जगमालवाली क्षेत्र से कार सवार एक अफीम तस्कर को आधा किलोग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान ओढां कैंचियों से जगमालवाली की तरफ जा रही थी। इसी दौरान जगमालवाली के निकट एक कार आती दिखाई दी। कार चालक ने कार को तेज गति से भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने कार को रूकवा लिया और तलाशी लेने पर कार से आधा किलोग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान जगतार सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ कालांवाली थाना में अभियोग दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी जगतार सिंह को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ कर इस अफीम तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों बारे जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।इसके अलावा पुलिस ने बलवंत सिंह निवासी अबुल खुराना जिला मुक्तसर पंजाब को डबवाली शहर के गोल चौक क्षेत्र से 3 किलो 860 ग्राम डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम शहर के गोल चौक क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगा।



# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध, फूंकी प्रतियां

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने आज ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर सब यूनिटों पर विरोध गेट मीटिंग की और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बिजली कर्मचारियों ने पॉलिसी की प्रतियां फूंककर अपना विरोध भी जाहिर किया। फतेहाबाद के अलावा रतिया, भट्टू व बड़ोपल सब यूनिटों पर भी आज बिजली कर्मचारियों द्वारा विरोध गेट मीटिंगें आयोजित की गई। फतेहाबाद में गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान संजय कुमार ने की व संचलन यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा ने किया। मीटिंग में मुख्य वक्ता भूप सिंह सर्कल सचिव ने भाग लिया।



फतेहाबाद। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध कर प्रतियां फूंकते बिजली कर्मचारी।

पहल | पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में शुरू की पहल को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

# क्यूआर कोड फीडबैक सिस्टम : पुलिस सेवा पर 95 प्रतिशत शिकायतकर्ताओं ने दी 5 स्टार रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा जनता से संवाद और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए शुरू की गई क्यूआर कोड आधारित फीडबैक प्रणाली को आमजन से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस अभिनव पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस सेवा की गुणवत्ता पर सीधे आमजन की राय प्राप्त कर, उसके आधार पर सेवाओं में सुधार सुनिश्चित करना है। अब तक की रिपोर्ट के अनुसार, 138 शिकायतकर्ताओं ने क्यूआर कोड स्कैन कर पुलिस सेवा का फीडबैक दिया है, जिनमें से 95 प्रतिशत ने 5 स्टार रेटिंग देकर पुलिस व्यवस्था में अपने भरोसे को दर्शाया है। यह फीडबैक पुलिस पर जनता के विश्वास के साथ-साथ सेवा की पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति उनकी अपेक्षाओं को भी सामने लाता है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि जिले के सभी थानों, विशेषकर सन्तरी पोस्टों पर क्यूआर कोड डिस्प्ले किए गए हैं। इन्हें स्कैन कर कोई भी नागरिक अपने अनुभव के अनुसार रेटिंग व सुझाव दे सकता है। यह फीडबैक थाना प्रभारी, उप-पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक तक सीधे पहुंचता है, जिससे समीक्षा के बाद त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकती है। अब तक 138 शिकायतकर्ताओं ने फीडबैक सिस्टम का उपयोग किया। इनमें से 132 शिकायतकर्ताओं यानि 95 प्रतिशत ने 5 स्टार रेटिंग दी है। दो शिकायतकर्ताओं ने 4 स्टार रेटिंग के साथ सुझाव साझा किए जबकि चार शिकायतकर्ताओं ने 1 स्टार रेटिंग के साथ सुझाव दिए, जिन पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। एसपी ने कहा कि सभी प्रतिक्रियाओं पर गंभीरता से विचार कर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। यह फीडबैक प्रणाली न केवल आमजन को अपनी बात रखने का अवसर देती है, बल्कि पुलिस को यह जानने में भी मदद करती है कि सेवा के कौन-से क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है। इससे पारदर्शी, जनोन्मुखी और उत्तरदायी पुलिसिंग को नई दिशा मिल रही है। एसपी ने कहा कि पुलिस इस प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है ।




फतेहाबाद। क्यूआर कोड फीडबैक सिस्टम पर लोगों द्वारा दी गई रेटिंग।

## 8.38 ग्राम हेरोइन सहित तीन गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा मुक्ति अभियान के तहत भुना पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक मामले में 8.38 ग्राम हेरोइन के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विकास उर्फ पांडा पुत्र बलकार सिंह निवासी वार्ड नं. 4, बाल्मीकि मंदिर के पास, भुना, नरेंद्र सिंह पुत्र धर्मबीर निवासी नहला तथा संदीप पुत्र बलवंत सिंह, निवासी मॉडल टाउन, भुना के रूप में हुई है। भूना थाना प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम नियमित क्राइम गश्त पर थी, इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति एक कार में सवार होकर टोहाना की ओर से भुना आ रहे हैं तथा मॉडल टाउन क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भुना क्षेत्र में नाकाबंदी की।

## खबर संक्षेप

### बिजली अदालत आज अधिकारी सुनेंगे समस्याएं

**फतेहाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा फतेहाबाद में 30 जुलाई बुधवार को सुबह 11 बजे बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता ने बताया कि यह बिजली अदालत प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक भट्टू रोड, मिनी बाईपास के पास, 132 केवी पॉवर हाऊस में स्थित एसई ऑपरेशन सर्कल, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### नागरिक हस्पताल में योग शिविर आयोजित

**फतेहाबाद।** नागरिक हस्पताल फतेहाबाद में आयुष विभाग द्वारा नियमित विशेष योग शिविर लगाए जा रहे है। आयुष योग सहायक सुरेंद्र कुमार द्वारा गर्भवती महिलाओं व बच्चों को आहार-विहार के बारे में बताया व योग करने के लिए प्रेरित किया। योग सहायक ने योग साधकों को भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम आदि योग क्रियाएं करवाई।

### फतेहाबाद में व्यापारी सम्मेलन 31 जुलाई को

**फतेहाबाद।** भाजपा द्वारा 31 जुलाई भूना रोड स्थित पार्टी कार्यालय में व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता राधा कृष्ण नारंग व भारत भूषण गर्ग एडवोकेट ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'एक देश-एक चुनाव' की अवधारणा को बढ़ावा देना और वोकल फॉर लोकल अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है।

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार


**फतेहाबाद।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने 14 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है, जिसका उपयोग नशा तस्करी में किया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहित उर्फ मोनु पुत्र पीतम, निवासी वार्ड नंबर 6, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्त के दौरान सैनी चौकी रेलवे रोड के पास थी। इसी दौरान कार्रावई की गई।

### सहनाल फर्जी कंपनी मामले में एक और काबू

**फतेहाबाद।** आर्थिक अपराध मुक्त अभियान के अंतर्गत आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। टीम ने फ्रन्टलेन कन्सल्टेंसी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नामक फर्जी कंपनी से जुड़े एक और सह-आरोपी को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। आरोपी की पहचान जितेन्द्र कुमार पुत्र देवराज, निवासी गांव सहनाल, रतिया के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 2.30 लाख नकद राशि बरामद की गई है, जो कथित रूप से फर्जीवाड़े से प्राप्त की गई थी।

### चोपटा में जांच शिविर का आयोजन आज

**चोपटा।** चोपटा में 30 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में चिकित्सक डॉ. आरुषी गोयल अपनी सेवाएं देंगी। अस्पताल संचालक डॉ. दौलत चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंप में सांस, फेफड़ों, टीबी, दमा आदि रोगों की निःशुल्क जांच और उचित परामर्श प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल द्वारा हर महीने की 15 और 30 तारीख को ऐसे निःशुल्क जांच कैंप आयोजित किए जाते हैं।



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।



## लाइफ Style

# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।

## हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।




# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मावर्ल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें


**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।



# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।

**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।



**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉड्र्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

### 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



### फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉड्र्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉड्र्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

### फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकती: सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

### धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।




**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

### सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

### *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## गांव थेड़ी में घोषित की 21 सदस्यीय युवाओं की टीम

# नशा खत्म करने के लिए लोगों को आना होगा आगे : भवानी

- महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की नशे के खिलाफ लड़ाई
- कमेटी गांव में नशा बेचने करने वालों की पहचान करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव थेड़ी में 21 सदस्यीय टीम की घोषणा करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह।

समाज से नशे जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए आमजन को आगे आना होगा। जब तब आमजन सहयोग नहीं करेगा, तब तक जिले में चलाई जा रही नशामुक्त समाज की मुहिम कामयाब नहीं हो सकती। यह बात महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में फतेहाबाद जिले में चलाए जा रहे नशामुक्त समाज अभियान के तहत गांव थेड़ी में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने नशे के खिलाफ अभियान को मजबूती देने के लिए गांव में 21 सदस्यों की कमेटी का भी गठन किया। यह कमेटी अपने गांव में नशे के खिलाफ सशक्त होकर लड़ाई लड़ेगी। कमेटी के सदस्य गांव में नशा बेचने और नशा करने वालों की पहचान करेगी। इसके बाद ट्रस्ट द्वारा नशा तस्करों को जहां पुलिस प्रशासन के सहयोग से पकड़ा जाएगा वहीं गांव के युवाओं को नशे से दूर कर उन्हें खेलों व समाजसेवा के कार्यों में जोडने का प्रयास होगा।

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने बताया कि इस टीम में निशान काहलो, मनदीप काहलो, यादविन्द्र सिंह, जर्मन सिंह, अभिषेक संधू, पंकज सिंह, चरणजीत सिंह, फतेहमीत सिंह, कर्मवीर सिंह, संदीप सहगल, अजय सिंवर, सतनाम कम्बोज, प्रिंस कम्बोज, जस्सी चहल, परमीत सिंह, अक्षय सिंवर, ईश्वर बोयत, जागीर सिंह, अनिल सिंवर, शिन्दा सिंह व विनोद पिलानियां को शामिल किया गया है। भवानी सिंह ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा पिछले कुछ दिनों से जब से नशे के खिलाफ मुहिम शुरू की गई है, अब तक 22 गांवों में कमेटियों का गठन किया जा चुका है जो नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है।

### बिना डरे ट्रस्ट को दे सूचना

नशे के खिलाफ इस मुहिम में सहयोग के लिए सीएम नायब सिंह सैनी, फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन व अन्य अधिकारियों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार जताते हुए भवानी सिंह ने कहा कि आज आम नागरिक नशे के खिलाफ जागरूक हो चुका है। नशा बेचने वाले लोग तुरंत ऐसा काम छोड़ दें। जो व्यक्ति नशा बेचते पाया गया तो उसके खिलाफ प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई करवाई जाएगी। शिकायत मिलने के बाद ट्रस्ट की टीम पहले रैकी करेगी और बाद में तस्करों को पकडने का काम करेंगे। उन्होंने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अगर उनके क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति नशा बेचता है, चाहे वह कितना भी बड़ा गुण्डा हो, लोग बिना डरे उसकी सूचना ट्रस्ट को दें, पुलिस प्रशासन के सहयोग से ऐसे लोगों को पकड़कर जेल भिजवाया जाएगा। यह कार्रवाई निरंतर ऐसे ही जारी रहेगी। इस अवसर पर उनके साथ बलविन्द्र सिंह बिन्दू एनआरआई, बूटा सिंह, अमृतपाल सिंह बल, हिजरावां के सरपंच करण सिंह, कुलदीप सिंह हिजरावां, प्रमोद कुमार, अमन राघव, गुरदीप सिंह, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, अशोक कम्बोज सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस गाड़ी की खिडक़ी खुलने से बाइक टकराई

फतेहाबाद। शहर में भट्टू रोड पर डायल-112 की गाड़ी की खिडक़ी खुलने से बाइक सवार टकरा गया। जिससे कोरियर कर्मचारी सडक़ पर गिर कर घायल हो गया। बाद में राहगीरों ने उसे संभाला। इसके बाद कर्मचारी खुद ही बाइक से सिविल अस्पताल पहुंचा और अपना इलाज करवाया। गनीमत रही कि युवक को ज्यादा चोटें नहीं आई।

### न्यायाधीश ने भाई कन्हैया आश्रम का किया निरीक्षण

सिरसा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीष जिंदिया व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने स्थानीय भाई कन्हैया आश्रम का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने आश्रम की रसोई को चैक किया व साफ-सफाई का निरीक्षण किया।

### पीएमश्री राजकीय स्कूल में मनाया तीज उत्सव

सिरसा। पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, माधोसिंघाना में हरियाली तीज का पर्व पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय की एनएसक्यूएफ इकाई द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में छात्र-छात्राओं ने चढ़कर भाग लिया और अपने सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्सव की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई।

### श्री खाटू श्याम धाम में धूमधाम से मनाई तीज

सिरसा। रानियां रोड स्थित श्री खाटू श्याम धाम में श्री श्याम परिवार द्वारा तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रवक्ता दिपेश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत पूजा अर्चना से की गई। पुजारी रामशरण, उमेश व विजेंद्र ने मीना गुप्ता व दीपा गुप्ता के साथ संयुक्त रूप से श्याम बाबा की झूले पर पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### चातुर्मास कार्यक्रम में भक्तों को दिए प्रवचन

रतिया। अनाजमंडी रोड स्थित जैन स्थानक में चल रहे चातुर्मास कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए जैन महासाध्वी सुनंदा महाराज, सुसाध्वी सम्यक श्री महाराज एवं सिद्धायिका महाराज ने कहा कि सुख-दुःख प्रत्येक इंसान पर आते रहते हैं और हमें दुःखों से कभी घबराना नहीं चाहिए बल्कि उनका डटकर सामना करना चाहिए।

### नप में खुलेआम हो रहा भ्रष्टाचार : शर्मा

सिरसा। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि नगरपरिषद में खुलेआम हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार मौन साधे बैठी है। इससे स्पष्ट होता है सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बातें सरासर झूठ का पुलिंदा है। राजकुमार शर्मा ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि नगर परिषद अधिकारियों की कारगुजारी के चलते पूरा शहर नरक भोग रहा है। जगह जगह गंदगी के ढेर लगे पड़े हैं।

# सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते त्योहार

- चौधरी देवीलाल विवि के कुलपति प्रो. विजय ने किया तीज कार्यक्रम पर किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। सीडीएलयू में तीज पर्व पर झूला झूलती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि सभी तीज त्यौहार भारत की समृद्ध राष्ट्रीय संस्कृति एवं धरोहर का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा हमें सभी त्यौहार उत्सापूर्वक मनाने चाहिए। यह त्यौहार हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हुए सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कुलपति विश्वविद्यालय में आयोजित तीज कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा मेहंदी, उत्सव पकवान, तीज माहरानी, रैंप क्वीन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। महिलाओं ने देसी हरियाणवी पकवानों का आनन्द लिया व पींगे झूली। महिलाओं ने मेहन्दी रचवाई व गीत-संगीत व भरपूर नृत्य किया। छात्राएं भी हरियाणवी पंजाबी लोक गीतो पर खूब झूमीं। प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जिनमें तीज माहरानी में प्रथम स्थान आंचल चैधरी, द्वितीय स्थान मिनाक्षी, रैम्प क्वीन में प्रथम स्थान मिनाक्षी, द्वितीय स्थान पवीत कौर, मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनु बाला, द्वितीय स्थान वनसिका तथा उत्सव पकवान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वनसिका पर रही।

### शिविर में लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

सिरसा। जिला नागरिक अस्पताल व आढ़ती एसोसिएशन द्वारा अनाज मंडी में मंगलवार को मेडिकल हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया गया जिसमें सैकड़ों मरीजों की जांच की गई। इस दौरान रक्तदान शिविर भी लगाया गया जिसमें करीब 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एसोसिएशन के प्रधान प्रेम बजाज ने बताया कि शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपना हेल्थ चेकअप करवाया। इस कैम्प में डॉक्टर सहित उप प्रधान राजू सुधा, महासचिव राजेंद्र नड्डा, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोयल, हरदीप सरकारिया, रवींद्र बजाज, विजय चौधरी, राज करण भाटिया, धर्मपाल जिंदल, मदन लाल कालड़ा, गिरधारी लाल कसवां, अर्जुन दास कालड़ा, धर्मचन्द गर्ग आदि मौजूद रहे।

## तियां दे मेले में विद्यार्थियों और स्टाफ ने की मस्ती

- फ्रेंड्स पब्लिक हाई स्कूल सिकंदरपुर में कार्यक्रम आयोजित

सिरसा। जिला के गांव सिकंदरपुर के फ्रेंड्स पब्लिक हाई स्कूल सिकंदरपुर में छठा तियां दा मेला बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें आस पास के बीस गांवों की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मेले का शुभारंभ बीजेपी जिलाध्यक्ष डबवाली रेणु शर्मा ने किया और स्कूल के बच्चों व स्टाफ के साथ मिलकर उन्होंने भी झूला झूला और गिद्दे का आनंद लिया। रेणू शर्मा ने कहा कि स्कूल ने तियां दा मेले का जो अभियान चलाया है, ये बहुत ही बढिय़ा है। यह ऐसा मेला है, जैसा कि पुराने समय में हमारी माताएं-बहनें मनाया करती थीं। इसके बाद आए अन्य अतिथिगणों में महिला थाना प्रभारी दर्शना देवी ने कार्यक्रम का आनंद लेते हुए कहा कि ये मेला मेरी-माताओं बहनों के लिए है। इसका खूब आनंद लीजिए, झूमिए, नाचिए, गाइए। उन्होंने आह्वान किया कि नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचें और अगर कोई नशा करता है और आपको पता चलता है तो उसके माता-पिता या फिर पुलिस को इसके बारे में जानकारी जरूर दें। दड़बी स्कूल की प्रिंसिपल कृष्णा देवी ने कहा कि फ्रैंड्स स्कूल ने ये जो तियां दा मेले का अभियान चलाया हुआ है।

## आयुष्मान कार्ड धारकों का जीवन संकट में डाल रही सरकार: सैलजा

- प्राइवेट अस्पताल संचालकों को भुगतान न देने पर आईएमए की सरकार को चेतावनी

सिरसा। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पंजीकृत निजी अस्पतालों द्वारा इलाज बंद करने की चेतावनी अत्यंत चिंताजनक है। आईएमए के अनुसार लगभग 500 करोड़ रुपये का भुगतान पिछले चार महीनों से लंबित है, जिसके चलते निजी अस्पतालों ने 7 अगस्त की रात 12 बजे से आयुष्मान योजना के अंतर्गत आने वाले मरीजों का इलाज बंद करने की घोषणा की है। भुगतान को लेकर हर बार आईएमए को हर बार कड़ा रूख अपनाना पड़ता है, अगर जरूरतमंदों का ईलाज ही बंद कर दिया गया तो सरकार मनमानी कर उनका जीवन जानबूझकर संकट में डाल रही है। ऐसे में जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सरकार को जल्द से जल्द उचित कदम उठाना चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने मंगलवार को मीडिया को जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को इस योजना के तहत निःशुल्क इलाज मिलना चाहिए, उन्हें चिकित्सकों और अस्पतालों से बार-बार मना किया जा रहा है। सरकार का यह कर्तव्य है कि वह योजना को प्रभावी ढंग से संचालित करे।

### कोटा एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर रेलमंत्री को भेजा पत्र

डिंग। डिंग मंडी रेलवे स्टेशन पर कोटा एक्सप्रेस का स्टोपेज करवाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता व वरिष्ठ नागरिक मनोहरलाल सोनी ने रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र भेजा है। सोनी ने बताया कि कोटा एक्सप्रैस हिसार से चलकर आदमपुर मंडी, भटटू मंडी आकर गाड़ी रूकती है, लेकिन इस गाड़ी का डिंग मंडी के रेलवे स्टेशन पर स्टोपेज नहीं है। उन्होंने रेलमंत्री से मांग की कि कोटा एक्सप्रैस का डिंग मंडी रेलवे स्टेशन पर 2 मिनट का स्टोपेज करवाया जाए, जिससे डिंग मंडी क्षेत्र के यात्रियों को जयपुर, कोटा, झुंझनू व सीकर जाने में आसानी होगी। सोनी ने बताया कि डिंग मंडी के आसपास अनेक गांवों के बच्चे झुंझनू, सीकर व कोटा में पढ़ाई के लिए जाते हैं तथा बीमार लोगों को अपने इलाज के लिए जयपुर आदि स्थानों पर जाना पड़ता है।

# एनसीसी छात्राओं ने बनाई राखी

- एमएम कॉलेज में एक राखी-एक पत्र अभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। देश के वीर जवानों के लिए रक्षाबंधन पर राखी बनाकर लिखे गए पत्र।

मनोहर मैमोरियल कॉलेज फतेहाबाद में एनसीसी छात्राओं द्वारा सरहदों पर देश की रक्षा कर रहे वीर सैनिकों के लिए 'एक राखी-एक पत्र' नामक प्रेरणादायक अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की सेवा में लगे हमारे वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और उन्हें भावनात्मक समर्थन प्रदान करना था। इस अभियान में कॉलेज की एनसीसी छात्राओं ने अत्याधिक उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया। छात्राओं ने अपने हाथों से सुंदर और रंग-बिरंगी राखियां बनाई। प्रत्येक राखी में उनके स्नेह और सम्मान संदेश छिपा हुआ था। राखी निर्माण के साथ-साथ छात्राओं ने सैनिकों के लिए शुभकामनाएं और प्रोत्साहन भरे पत्र भी लिखे। इन पत्रों में छात्राओं ने सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को सलाम किया। उन्हें यह अहसास दिलाया कि सारा देश उनके साथ खड़ा है। एमएम कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने इस अभियान के लिए एनसीसी गर्ल्स इंचार्ज कैप्टन रजनी वर्मा व सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि रक्षा बंधन, भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार है और इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सलामती की दुआ करती हैं।

### एचटेट को लेकर महिला कॉलेज में हुई बैठक

सिरसा। राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा 30 व 30 जुलाई को आयोजित एचटेट की परीक्षा की तैयारी के मद्देनजर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। केंद्र अधीक्षक रोहताश ने ड्यूटी अधिकारियों को परीक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन के साथ साथ महाविद्यालय प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा केंद्र पर एक बोर्ड अधिकारी या प्रतिनिधि के साथ एक राजपत्रित अधिकारी भी मौजूद रहेगा। इसके अलावा परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिस फोर्स अपना कार्य करेगी। परीक्षार्थी अपने साथ एडमिट कार्ड सत्यापित फोटो सहित, आई डी पुरफ लेकर आएंगे और गहनता से जांच के साथ बायोमीट्रिक हाजरी लगवाकर परीक्षा रूम तक पहुंचेंगे।

## विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर दिया संदेश

- राजकीय विद्यालय ढूकड़ा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा



सिरसा। स्कूल परिसर में पौधारोपण करते स्टाफ सदस्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढूकड़ा में दो दिवसीय एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। ये पौधे वन विभाग के सौजन्य से लगाए गए। प्राचार्य मोना पुरी ने बताया कि एक पौधा मां के प्यार के नाम से लगाना अपने आप में बेहद भावुक कार्यक्रम है। पुरी ने कहा कि हर बच्चा जब अपनी मां के नाम से एक पौधा लगाता है, तो वह उस पौधे की देखभाल को अपने कर्तव्य की तरह निभाता है। यही भाव शिक्षा का असली उद्देश्य है प्रकृति और संबंधों दोनों के प्रति प्रेम। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रथम दिन के मुख्यातिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुनील सोनी तथा दूसरे दिन के मुख्यातिथि सरपंच राजिंदर ढुकड़ा थे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रह्लाद बैनीवाल, दलीप सिंह, भगवाना राम सिंह, पार्वती, नीरू, और विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण और रिश्तों दोनों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को प्रदर्शित किया। सरपंच राजिंदर ढुकड़ा ने कहा कि यह अभियान भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरण के प्रति संकल्प का प्रतीक है।

### इग्नू में पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशनश शुरू

फतेहाबाद। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने 2025 सत्र के पीएचडी कार्यक्रम के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो उम्मीदवार ओपन यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने का विचार कर रहे हैं वो इग्नू की आधिकारिक प्रवेश पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इग्नू ने अंग्रेजी, हिंदी, वाणिज्य, शिक्षा, प्रबंधन, लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान, विधि, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवन विज्ञान और जैसे 24 विषयों के लिए पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवारों के पास संबंधित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ मास्टर डिग्री होनी अनिवार्य है।

## राष्ट्र की भलाई के लिए करें काम: साध्वी

- श्रीमद्भागवत कथा के प्रचार के लिए मसंध्या फेरी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। साध्वी संतोष भारती पौधरोपण करते हुए।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सप्ताह ज्ञान यज्ञ श्रीमद्भागवत कथा के प्रचार के लिए मंगलवार को संध्या फेरी का आयोजन किया गया। साध्वी संतोष भारती ने बताया कि आज के दिन हमें एक संकल्प लेना है की हम हर वर्ष अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। उन्होंने बताया कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से चलाए जा रहे प्रकल्प पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत भारत के हर राज्यों के अलग-अलग शहरों में पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हमारा पर्यावरण लगातार प्रदूषण होता जा रहा है और हम दिन प्रतिदिन एयर कंडीशनर पर निर्भर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि हम अपने गुरुओं और संतों की शिक्षाओं के अनुरूप अपने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए वातावरण को दूषित न करे। साध्वी ने बताया कि आगामी 5 सितंबर से 11 सितंबर तक होने वाली श्रीमद्भागवत कथा के अंदर भी सभी भक्तों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि पृथ्वी का संतुलन बना रहे।

## शहीद उधमसिंह के शहीदी महासम्मेलन के लिए बाइक रैली को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बाबा ब्रह्मदास।

मुख्य डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने शहीद उधमसिंह के 85वें शहीदी महासम्मेलन के लिए मंगलवार को डेरे से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हमें शहीद उधम सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में सदैव तैयार रहना चाहिए। शहीद उधम सिंह अमर रहे व भारत माता के जयकारों की गूंज के साथ हाथों में तिरंगा लिए श्रद्धालु संघर साधा गांव से होते हुए विभिन्न गांवों में पहुंचे और मंगाला, डेरा बाबा भूमणशाह में श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद चखा। बाइक रैली दड़बी, भरोखां, फरवाई, नेजाडेला कलां, मल्लेवाला, नेजाडेला खुर्द, सहारणी, खैरेकां, बनसुधार, चामल, ढाणी 400, झोरडऩाली, नानकपुर, टीटूखेड़ा, मंगाला, सिकंदरपुर, शहीदांवाली, नटार, रंगड़ी खेड़ा, शाहपुर बेगू, बाजेकां, वैदवाला, रसूलपुर, थेड़ी बाबा सावन सिंह, ढाणी रामपुरा से होते हुए बाबा डेरा भूमणशाह में संपन्न हुई। बाइक रैली का विभिन्न गांवों में ग्रामीणों ने पुष्प बरसाकर स्वागत किया। डेरे के सेवक सचिव विनोद एडवोकेट ने बताया कि शिरोमणि शहीद उधम सिंह के 85वें शहीदी महासम्मेलन 31 जुलाई को आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

**बैठक** गांव शेखुपुर दड़ौली में किसानों की 10 सदस्यीय कमेटी का गठन, ओमप्रकाश चुने प्रधान

# सरकार की गलत नीतियों के कारण खेती हो रही बर्बाद कर्ज के बोझ तले दबे किसान और मजदूर : विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां



भट्टूकलां। गांव शेखुपुर में स्थानीय समस्याओं को लेकर चर्चा करते किसान।

किसानों की स्थानीय समस्याओं को उठाते हुए अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा गांवों में कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इसी कड़ी में किसान सभा की बैठक भट्टू के गांव शेखुपुर दड़ौली में आयोजित की गई।

इस बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने भाग लिया। बैठक में किसानों द्वारा समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और इन समस्याओं का समाधान करवाने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से गांव की 10 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया जिसमें ओमप्रकाश उर्फ कालूराम को प्रधान, सुनील कुमार को सचिव, रोहताश कुमार को उपप्रधान चुना गया। किसान काशी राम, जयनारायण, महावीर प्रसाद, महेंद्र सिंह, पवन कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

### सरकार से की मांग

किसानों को संबोधित करते हुए सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त ने कहा कि आज भाजपा के राज में किसानों की समस्याएं कम होने की बजाय दिनों दिन बढ़ती जा रही है। किसान और मजदूर दोनों की आमदनी का एकमात्र साधन खेती है लेकिन सरकार की गलत नीतियों के कारण खेती बर्बाद हो रही है और किसान-मजदूर कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। पानी निकासी का स्थाई समाधान नहीं है। सेम समस्या के समाधान को लेकर सौर ऊर्जा के पम्प लगाए गए हैं वो भी जर-जर हालत में है और उनके कनैक्शन तक नहीं है। बैठक में गांव शेखपुर में मुख्य मांगों को चिन्हित करते हुए सरकार से मांग की गई कि गांव में सैंकड़ों एकड़ भूमि में बरसात और सेम का पानी ऊपर आने की वजह से नरमा-कपास की फसल खराब हो गई है। इसकी स्पेशल गिरदावरी करवाई जाए और किसानों को 35 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। सौर ऊर्जा से चलने वाले पानी निकासी के पम्पो का कनैक्शन सही तरीके से करके इन्हें चालू किया जाएं।

## खबर संक्षेप

### भूना में दिन-दहाड़े मोबाइल शॉप से चोरी

**भूना।** शहर में मोबाइल की दुकान से चोर दिनदहाड़े चोरी कर ले गया। चोर दुकान में रखा नाढोड़ी गोशाला का दानपात्र चुरा ले गया। दानपात्र में करीब 15 हजार रुपए की नकदी थी। वहीं पूनिया मोबाइल शॉप के संचालक सुशील पूनियां ने बताया कि, वह मंगलवार सुबह दुकान में सफाई कर रहे थे। इसी दौरान दो युवक दुकान में आकर खड़े हो गए। दोनों काउंटर के ऊपर ही खड़े थे। इनमें से एक उनसे बात में लग गया, जबकि दूसरा दानपात्र चोरी कर ले गया। दुकानदार ने आशंका जताई है कि चोरी करने वाले नशेड़ी किस्म के युवक थे।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामत पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

### एकता पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**फतेहाबाद।** भारत सरकार ने देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों, संस्थाओं और संगठनों को सम्मानित करने हेतु सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पुरस्कार स्वतंत्र भारत के निर्माण में राज्यों के एकीकरण हेतु ऐतिहासिक योगदान देने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में स्थापित किया गया है।

### देशी शराब बनाते आरोपी को रंगे हाथों दबोचा

**फतेहाबाद।** नशा व अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जाखल पुलिस ने अवैध शराब निर्माण की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने काला पुत्र मेहर सिंह, निवासी गांव तलवाड़ा, के घर पर दबिश दी। मौके पर आरोपी को अवैध देशी शराब तैयार करते पकड़ा।

### रतिया न्यू टाउन में रही तीज के त्योहार की धूम

**रतिया।** सहनाल रोड पर स्थित न्यू टाउन में महिलाओं ने तीज का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य राजवीर कौर, डॉ. निधि, कविता रानी, किरण सिंगला, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सेमेस्ता, मनप्रीत खोखर व अन्य महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में नाटक का मंचन किया।

### मारपीट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे बकाया आरोपी को थाना जाखल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल व एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरप्रीत के रूप में हुई।

## लाइसेंस सिर्फ दूध बिक्री का निकला

# डेयरी पर सीएम फ्लाइंग का छापा 70 किलो पनीर व 38 किलो घी जब्त

### नकली पनीर बेचने की शिकायत पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता हिसार टीम ने मंगलवार को गणेश कॉलोनी के सामने स्थित लक्ष्मी दूध डेयरी पर औचक छापामार कार्रवाई की। यहां से 70 किलो पनीर और 38 किलो घी बरामद किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी फतेहाबाद डॉ. गौरव ने मौके से पनीर और घी के दो-दो सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए।


**भूना।** हिसार रोड पर लक्ष्मी डेयरी में कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग व सुरक्षा खाद्य अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### पनीर और घी बनाने का चल रहा था धंधा

टीम इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर राजेश कुमार और सब-इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने डेयरी के दस्तावेजों की जांच की। इसमें सामने आया कि डेयरी संचालक गजेंद्र सिंह के पास केवल दूध बेचने का लाइसेंस है, जबकि पनीर और घी बनाने की अनुमति नहीं है। इस पर उसे नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। सीएम फ्लाइंग को डेयरी पर नकली पनीर बनाने और बेचने की शिकायत मिली थी। शिकायत की पुष्टि के लिए मंगलवार को बिना पूर्व सूचना के कार्रवाई की गई। छापे के दौरान फ्रिज में रखा 70 किलो पनीर और 38 किलो घी मिला, जिसकी वैधता और गुणवत्ता संदिग्ध मानी जा रही है।

### छापे से दूसरे दुकानदारों में हड़कंप

लक्ष्मी दूध डेयरी पर कार्रवाई की खबर फैलते ही शहर में खाद्य सामग्री बनाने और बेचने वाले दूसरे दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

कई दुकानदारों ने एहतियातन अपने शटर बंद कर दिए। अधिकारियों का कहना है कि भूना में नकली पनीर की बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं, इसलिए यह विशेष अभियान चलाया गया।

### रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करेंगे

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. गौरव ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट होगा कि बरामद पनीर और घी मानक के अनुरूप हैं या नहीं। यदि खामियां पाई गईं तो डेयरी संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मिलावटखोरी पर अधिकारियों की चेतावनी

सीएम फ्लाइंग टीम ने साफ किया है कि मिलावटखोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जो भी व्यक्ति खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# एसडीएम ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण

- खुद भोजन चख कर मिड-डे मिल की गुणवत्ता जांची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को ढाणी जाखन दादी में सरकारी मॉडल स्कूल का औचक निरिक्षण किया और व्यवस्थाओं की जांच की। इस दौरान क्लास रूम, हाजिरी रजिस्टर व कर्मचारियों की उपस्थिति को चैक किया जो ठीक मिला। उन्होंने स्कूल में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं और शिक्षा के तौर-तरीकों का विस्तृत निरीक्षण करने के अलावा विद्यालय में विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को भी जांचा। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने विद्यालय में शिक्षकों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के लिए छात्रों से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे और उनकी शैक्षणिक स्थिति को परखा। इसके अलावा उन्होंने खुद छात्रों को बोर्ड पर पढ़ाया और कठिन विषयों को सरल तरीके से समझाने का प्रयास किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था और स्वयं खाना चख कर मिड-डे मील के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता की भी जांच की, ताकि


**रतिया।** जाखदादी सरकारी स्कूल का निरीक्षण करते एसडीएम। *फोटो: हरिभूमि*

## भारत टुटेजा बने गुरूकृपा सेवा मंडल ट्रस्ट के प्रधान, कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

प्रसिद्ध भजन गायक व टी-सीरिज कलाकार भारत टुटेजा को गुरूकृपा सेवा मंडल ट्रस्ट का प्रधान चुना गया है। इस सम्बंध में गुरू कृपा सेवा मंडल कार्यालय में हुई बैठक में मौजूद सदस्यों ने उनके नाम पर सहमति जताई। भारत टुटेजा को सदस्यों ने कार्यकारिणी गठन का अधिकार दिया।

भारत टुटेजा ने बताया कि पहले गुरूकृपा मंडल रजिस्टर्ड संस्था थी। अब इसका ट्रस्ट के तौर पर पंजीकरण करवाया गया है। ट्रस्ट बनने के बाद यह पहली मीटिंग थी, जिसमें उन्हें प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई है। उन्होंने अपनी कार्यकारिणी घोषित करते हुए रजत मैहता को उपप्रधान, ममता तनेजा को कोषाध्यक्ष, भारत कुक्कड़ को सचिव, दीपक कुमार को संयुक्त सचिव व दीपक मदान को विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है। प्रधान ने कहा कि उनका ट्रस्ट धर्म-कर्म के कार्यों में सहयोग करता रहेगा। इससे पूर्व भी ट्रस्ट भजन संध्या के अलावा मंदिरों में संकीर्तन के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।


भारत टुटेजा।

### निर्माण मजदूरों से अन्याय बर्दाश्त नहीं

**फतेहाबाद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन संबंधित सीटू यूनिट कमेटी धोलू की बैठक यूनिट प्रधान सुभाष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक बारे जानकारी देते हुए जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने सरकार द्वारा निर्माण मजदूरों के रोके गए तमाम कामों को तुगलकी फरमान बताया। इसको लेकर निर्माण मजदूर 5 अगस्त को भूना के पंचायत एवं विकास अधिकारी के माध्यम से श्रम मंत्री के नाम मांग पत्र देंगे। सीटू नेता ओमप्रकाश अनेजा ने कहा कि श्रम कल्याण बोर्ड ने श्रम मंत्री अनिल विज की सिफारिश पर निर्माण मजदूरों के तमाम कार्य पर यह कहकर रोक लगा दी कि कल्याण बोर्ड में भ्रष्टाचार फैला हुआ है जो पंजीकरण करवाने, काम की तस्दीक करवाने, सुविधा राशि जारी करवाने में उजागर हुआ है।

# 'शिव महापुराण' का किया पाठ

- तीज उत्सव पर स्वर्णकार सदन में धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

स्वर्णकार महिला सभा द्वारा धर्मशाला रोड स्थित स्वर्णकार सेवा सदन में तीज उत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस उत्सव में मंगलवार को सावन माह की कथा 'शिव महापुराण' का पाठ किया गया। इससे पूर्व सदन में हवन यज्ञ आयोजन कर खीर-पुरी का भंडारा भी चलाया गया। इस तीज उत्सव में शहर की स्वर्णकार समाज से जुड़ी काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। महिला स्वर्णकार सभा की प्रधान बिमला सोनी ने बताया कि हरियाली तीज के उपलक्ष्य में भगवान शिव-पार्वती की विधिवत पूजा करने से सब दुःखों का अंत होता है। यह त्यौहार हर वर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष में मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए हरियाली तीज का व्रत रखती हैं। अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाएं माता पार्वती व शिवजी की विधिवत पूजा करती हैं ताकि उनके पति की आयु लंबी व स्वास्थ्य बेहतर रहे। महिलाएं शिव-पार्वती चालीसा के साथ पाठ करती हैं। मान्यता है कि हरियाली तीज को इस व्रत कथा का पाठ करने से महिलाओं की पूजा पूर्ण हो जाती हैं। बिमला सोनी हरियाली तीज का महत्व बताया।


**फतेहाबाद।** शिवपुराण का पाठ करती स्वर्णकार समाज की महिलाएं।

# समाज को ड्रग फ्री बनाएंगे : सियाज पुनिया

- नशामुक्त हरियाणा की ब्रांड एम्बेसडर ने पायनियर स्कूल में दिया ड्रग फ्री का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पायनियर कॉन्वेंट स्कूल में भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नशा मुक्त हरियाणा की ब्रांड एम्बेसडर सियाज पुनिया उपस्थित रही। इस समारोह में स्कूल के चार हाउस में विभाजित छात्रों को विभिन्न नेतृत्व भूमिकाओं में नियुक्त किया गया, जिनमें हेड बॉय, हेड गर्ल, प्रत्येक हाउस के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, अनुशासन कप्तान, खेल कप्तान और सांस्कृतिक कप्तान शामिल रहे। ये छात्र नेता स्कूल की दैनिक गतिविधियों को संचालित करने और अनुशासन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह आयोजन स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो छात्रों को नेतृत्व कौशल विकसित करने और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में मदद करेगा। स्कूल के चार हाउसेस आदित्य हाउस, अभिषेक हाउस, भास्कर हाउस और संतुष्टि हाउस का नामकरण स्कूल के पूर्व छात्रों के नाम पर किया गया है।



**फतेहाबाद।** पायनियर स्कूल में अलंकरण समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। *फोटो: हरिभूमि*

### प्रेरणा का स्रोत

यह नामकरण न केवल उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि छात्रों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत है। अलंकरण समारोह में सियाज पुनिया ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए आज की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने, माता-पिता की आज्ञा का पालन करने बारे, समय का सदुपयोग करने बारे प्रेरित किया। सियाज ने कहा कि सभी बहनें राखी पर अपने भाई से प्रण लें कि वह नशे से दूर रहेंगे। सियाज ने नारी के सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण पर भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निर्मोही, चेयरपर्सन शीलू निर्मोही, डायरेक्टर निशांत निर्मोही, प्रिंसिपल गीतिका मेहता, वाइस प्रिंसिपल तनु भाटिया एवं मैत्री निर्मोही, समाजसेवी संगीता प्रणामी सहित सभी स्टाफ सदस्य और बच्चे उपस्थित थे।

# देवेंद्र दहिया को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

- राजकीय प्राथमिक विद्यालय हिजरावां कला में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राजकीय प्राथमिक विद्यालय हिजरावां कलां में मुख्य शिक्षक एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित देवेंद्र दहिया की सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांव के सरपंच करण सिंह, सेठ हजारी प्रसाद, पूर्व सरपंच धर्मपाल अरोड़ा, प्रिंसिपल डॉ. बलविंदर सिंह व सेवा सिंह, प्रवक्ता हंसराज, प्रीतम फुटेला सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने देवेन्द्र दहिया को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके शिक्षण कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित शिक्षक समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। देवेन्द्र दहिया जिस भी स्कूल में कार्यरत रहे, उसी स्कूल ने मुख्यमन्त्री स्कूल सौंदर्यकरण का पुरस्कार जीता वहीं उस विद्यालय के खिलाड़ी ाज्य स्तर तक मेडल जीतकर लाये। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें गीत, कविताएं व नृत्य शामिल थे। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ से सुखदर्शन, अशोक कुमार, हंसराज, संदीप, ललित कुमार, संदीप सिंह, जयप्रकाश, डिम्पल रानी, ज्योति रानी, गीता रानी, गुरुदित्ता, गुलविंदर पंच तथा भुल्लर सिंह पंच सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अभिभावकों व ग्रामीणों ने देवेन्द्र दहिया को भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।


**फतेहाबाद।** गांव हिजरावां कलां विद्यालय में सेवानिवृति पर देवेन्द्र दहिया को सम्मानित करते अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम का मंच संचालन मुख्य शिक्षक विनोद भाटी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देवेन्द्र दहिया केवल उनके स्वयं के लिए ही नहीं, बल्कि सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उनकी कार्यशैली और अनुशासन अनुकरणीय हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया।

# मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

- जाखनदादी स्कूल में अध्यापकों की कमी, अधिकारी से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

खंड के अंतर्गत आने वाले जाखन दादी संस्कृति मॉडल प्राथमिक विद्यालय में पिछले लंबे समय से अध्यापकों की भारी कमी से शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। इसी मुद्दे को लेकर आज इंकलाबी नौजवान सभा हरियाणा और भारतीय किसान यूनियन एकता का एक प्रतिनिधिमंडल पार्षद गुरप्रीत गोपी की अगुवाई में जिला शिक्षा अधिकारी से मिला और विद्यालय में शिक्षकों की कमी को अविलंब पूरा करने की मांग की। प्रतिनिधियों ने बताया कि विद्यालय में 11 पदों में से केवल 3 अध्यापक कार्यरत हैं, जिससे कक्षाओं में पढ़ाई ठप्प पड़ी है। शेष कक्षाओं में सीनियर छात्र ही छोटे बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हैं, जिससे दोनों वर्गों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यह स्थिति दर्शाती है कि सरकार और प्रशासन को शिक्षा व्यवस्था की कोई चिंता नहीं, बल्कि ऐसा लगता है कि वे सरकारी संस्थानों को कमजोर कर गरीब तबके के बच्चों को शिक्षा से दूर रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी से जब समाधान मांगा गया तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।


**फतेहाबाद।** जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते हुए सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

# चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार

- एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अपराध मुक्त अभियान के अंतर्गत सीआईए रतिया कम एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट, फतेहाबाद की टीम ने वाहन चोरी की रोकथाम के लिए की जा रही विशेष कार्रवाई के तहत एक मोटरसाइकिल चोर को चोरीशुदा वाहन सहित काबू किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जग्गा उर्फ जग्गी पुत्र दर्शन सिंह निवासी रुपावाली, हाल निवास बस अड्डा टिब्बी भूना, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। सीआईए रतिया कम एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट प्रभारी उप निरीक्षक बेदपाल ने बताया कि आरोपी ने 30 मई को टोहाना शहर की नई अनाज मंडी से एक मोटरसाइकिल चोरी की थी।

इस संबंध में शिकायतकर्ता संदीप सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी नई अनाज मंडी, टोहाना की शिकायत पर थाना शहर टोहाना में 31 मई को मामला दर्ज किया गया था। सीआईए रतिया की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**फतेहाबाद।** चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार युवक। *फोटो: हरिभूमि*

## लड़की व लड़कों के वर्ग में हुए रोचक मुकाबले

# खंड स्तरीय खेलकूद में छाए एसएस स्कूल के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन का आयोजन उत्साह और रोमांच से भरपूर रहा। लडक़ों की अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में विभिन्न खेल मुकाबले कराए गए, जिनमें खिलाडिय़ों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में योगा स्पर्धाओं में भी लडक़े और लड़कियों दोनों वर्गों ने भाग लिया। अब दोनों आयु वर्ग की विजेता खिलाड़ी जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में एईईओ हरबंस, पीटीआई कृष्ण कुमार, डीपीई रामवीर, देशराज, संतरो देवी, सरोज, नवजीत, रीना, चरणजीत, बलविंद्र व अन्य मौजूद रहे।


**सिरसा।** खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

### 5000 मीटर दौड़ में नवीन ने बाजी मारी

अंडर-19 आयु वर्ग लडक़ों एथलैटिक्स की 5000 मीटर दौड़ में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल सिरसा के नवीन कस्वां ने पहला, श्रीराम मेमोरियल स्कूल के सुल्तान ने द्वितीय व शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल सिरसा के परविंद्र सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल सिरसा के गुरबाज सिंह व आर्यन ने क्रमशः पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया। कमला मोंटेसरी स्कूल के वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल सिरसा के नमन जागलान व कर्मजीत ने क्रमशः पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया। सतलुज पब्लिक स्कूल के गुरवारिश ने तीसरा स्थान हासिल किया। 110 मीटर हर्डल दौड़ में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल सिरसा के कमलदीप सिंह व अंशमीत क्रमशः पहले व दूसरे पायदान पर रहे। जबकि जीपीएम माधोसिघाना के रमन तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर हर्डल दौड़ में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल सिरसा का कमलदीप व अलीवंद ने पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया। चार गुणा 100 मीटर दौड़ में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल सिरसा के नमन जागलान, सतलुज स्कूल का गुरवारिश व शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल सिरसा का कर्णजीत क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। डिस्कस थ्रो में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल सिरसा का गुरबाज व आर्यन पहले व दूसरे पायदान पर रहे।